समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# चलो बुलावा आया है, US ने नहीं बुलाया है! फेल्ड मार्शल आसिम मुनीर की परेड वाली ख़बर निकली झूठी।

Publisher
Published on 13 Jun 2025



## पाक मीडिया ने फैलाया झूठ कि US आर्मी परेड मे आमंत्रित हुए है पाकिस्तानी फेल्ड मार्शल आसिम मुनीर, लेकिन अमेरिकी सूत्रों ने साफ इनकार किया – नहीं भेजा कोई बुलावा।

**झूठे बुलावे की उड़ान, पाक को फिर मिली बेइज्जती**
**ऑपरेशन सिंदूर** में भारत से करारी शिकस्त खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरने का नाम नहीं ले रहा। अब उसने खुद को अंतरराष्ट्रीय मंच पर बड़ा दिखाने के लिए एक और चाल चली, जो बुरी तरह नाकाम रही।

पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया था कि पाक आर्मी के **फेल्ड मार्शल आसिम मुनीर** को अमेरिका की **राजधानी वॉशिंगटन डीसी** में होने वाली **US आर्मी की 250वीं वर्षगांठ परेड** में आमंत्रित किया गया है। लेकिन अमेरिकी सूत्रों ने इस बात को सिरे से खारिज कर दिया है।

**सेटंकॉम चीफ के बयान से मिली हवा, लेकिन दावे निकले फुस्स**
हाल ही में **सेटंकॉम (CENTCOM)** के **प्रमुख जनरल माइकल कुरीला** ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ सहयोगी बताया था। इसी बयान के बाद पाकिस्तान की मीडिया ने यह भ्रम फैलाया कि अमेरिका अब पाकिस्तान के और करीब आ गया है।

हालांकि, अमेरिकी सूत्रों ने साफ किया है कि आसिम मुनीर को कोई आमंत्रण नहीं भेजा गया और यह खबर पूरी तरह मनगढंत है।

**भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान अब तक सदमे मे**

बताया जा रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के **नूर खान एयरबेस** पर बड़ा हमला किया था। **पाकिस्तानी रक्षा विशेषज्ञ इम्तियाज गुल** ने इस बात का खुलासा किया कि वहां **अमेरिका के परमाणु हथियार** मौजूद थे।

इसी कारण अमेरिका ने उस वक्त भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध को रोकने की कोशिश की थी, जिसे पाकिस्तान अब अपनी राजनयिक जीत बताने की कोशिश कर रहा है।

**क्या है असलियत US परेड की ?**

शनिवार, **14 जून 2025** को अमेरिकी सेना अपनी **250वीं वर्षगांठ** मना रही है। इस अवसर पर **वॉशिंगटन डीसी** में एक **भव्य सैन्य परेड** आयोजित की जा रही है, जिसमें रा**ष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** भी उपस्थित रहेंगे। लेकिन इसमें पाकिस्तान या उसके किसी अधिकारी को कोई आमंत्रण नहीं दिया गया है।

पाकिस्तान की इस तरह की झूठी कहानियों से उसकी अंतरराष्ट्रीय बेइज्जती और बढ़ रही है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.